कार्यवाही | एथेनॉल चावल घोटाले में अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही

# चावल घोटाले में कुमार गए जेल, न्यायालय में किया पेश






**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट के चावल हेराफेरी मामले में पूर्व मंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के बड़े भाई राजकुमार कावरे की गिरफ्तारी की गई है। उन्हें रविवार 20 सितंबर की रात भोपाल के गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित रचना टॉवर के पास से पकड़ा गया। सोमवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे जाने की जानकारी है। मामले में यह 20वीं गिरफ्तारी बताई गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, राजकुमार कावरे कई महीनों से पुलिस की पकड़ से बाहर थे। रविवार रात उन्हें भोपाल के गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में रचना टॉवर के पास से पकड़ा गया। हालांकि, गिरफ्तारी के संबंध में बालाघाट पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

राजकुमार कावरे हर्ष राइस मिल के संचालक बताए गए हैं। इस मामले में हर्ष राइस मिल से जुड़े अन्य लोगों की भी पहले गिरफ्तारी हो चुकी है।

मामले में शासकीय चावल एथेनॉल प्लांट में ना जाकर, मिलर्स को बेचा जा रहा था। इस चावल को मिलर्स, रिसाईकिल कर फिर से मिलिंग नीति के तहत शासन को दे रहे थे। जिस राईस मिल में चावल से भरा ट्रक पकड़ाया था। उसके मालिक पिता-पुत्र अब भी फरार है।

जांच में 5,400 मीट्रिक टन से अधिक चावल और करीब ?12 करोड़ से ज्यादा की हेराफेरी सामने आने की बात कही गई है। इस मामले में संचेती राइस मिल से जुड़े गंभीर और सौरभ संचेती सहित कुछ अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है। मामले की जांच एसआईटी कर रही है।

इस मामले में पुलिस ने 20 वें आरोपी के रूप में राजकुमार कावरे को गिरफ्तार किया है। जबकि पूर्व में पुलिस अलग-अलग समय में, ट्रक चालक दुर्गेश शेंडे, प्लांट प्रतिनिधि राहुल प्रताप, राकेश बिहारी श्रीवास्तव,ट्रांसपोर्टर उबेद खान, सुरेंद्र राणा, कुंज बिहारी पटले, मुनीम अतुल बिसेन, गोंदिया के मिलर्स किशनलाल खंडेलवाल, जुगल किशोर खंडेलवाल, हर्ष राईस मिल के पार्टनर विनोद शर्मा, संचेती राइस मिल के वित्तीय प्रबंधक राजेश संचेती, अविनाश कावरे, गोपाल ठाकुर, एफसीआई कर्मचारी सुरेंद्र राणा, नंदगोपाल इंडस्ट्रीज सिवनी के संचालक सोनू जैन, गोंदिया के ट्रेडर जय कुमार अग्रवाल और मिलर आदित्य अग्रवाल, विराज राईस मिल संचालक को भी गिरफ्तार किया है।

### 3 जून को राइस मिल में खड़ा मिला था ट्रक

मामला शासन की नीति के तहत एथेनॉल प्लांट को शासकीय चावल दिए जाने का है। 3 जून को एफसीआई गोदाम बालाघाट से 3 ट्रक रवाना हुए थे। इनमें से एक ट्रक ( CG-04-JD-3147) एथेनॉल प्लांट में ना जाकर वारासिवनी की संचेती राइस मिल में खड़ा मिला था। इसमें 490 बोरियों में 242 क्विंटल 55 किलोग्राम सीएमआर चावल मिला था। इसके बाद मामला संदेहास्पद होने से इसकी जांच के बाद वारासिवनी थाने में चावल की हेराफेरी मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी।

# गंदगी फैलाने वालों पर कैमरों की नजर
## इतवारी गंज में चला विशेष स्वच्छता अभियान



**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवाकाल के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में इतवारी गंज बाजार में व्यापक सफाई अभियान चलाकर सड़कों, बाजार परिसर और नालियों की सफाई एवं धुलाई की गई।

रविवार को साप्ताहिक बाजार लगने के बाद क्षेत्र में बड़ी मात्रा में सब्जियों, फलों, पॉलीथिन और अन्य कचरा फैल जाने से गंदगी की स्थिति निर्मित होती है। नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने व्यापारियों एवं नागरिकों से कचरा निर्धारित स्थान या कचरा वाहन में ही डालने तथा नालियों में पॉलीथिन, फल-सब्जियाँ एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री नहीं फेंकने की अपील की। उन्होंने कहा कि बालाघाट हमारा अपना शहर है और इसे साफ, स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

निरीक्षण के दौरान तीन-चार ऐसे स्थान चिह्नित किए गए, जहाँ नियमित रूप से कचरा फेंका जाता है। नगर पालिका अध्यक्ष ने इन स्थानों पर निगरानी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि कचरा फेंकने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

इतवारी गंज क्षेत्र में पूर्व में लगभग छह करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं, जिनमें एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित पार्किंग स्थल भी शामिल है।

अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 21 सितंबर को इतवारी बाजार, 22 सितंबर को वैनगंगा नदी के छोटे पुल स्थित विसर्जन घाट, 23 सितंबर को देवी तालाब एवं धोबी तालाब, 24 सितंबर को गुजरी बाजार, 25 सितंबर को बस स्टैंड एवं रानी अवंतीबाई चौक, 26 सितंबर को मेन रोड एवं आचार्य विद्यासागर मार्ग, 28 सितंबर को इतवारी गंज एवं हनुमान चौक, 29 सितंबर को गुजरी बाजार एवं गौली मोहल्ला, 30 सितंबर को बजरंग घाट एवं रेंजर्स कॉलेज क्षेत्र, 1 अक्टूबर को ढीमरटोला घाट एवं वार्ड क्रमांक 1 तथा 2 अक्टूबर को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान एवं आंबेडकर मार्ग, गोंदिया रोड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगरवासियों, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों से अभियान में सहभागी बनने की अपील की गई है।

## पुलिस गांव-गांव पहुंचकर लगा रही चौपाल, ग्रामीणों को कर रही जागरूक

**नवभारत, परसवाड़ा।** थाना परसवाड़ा पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम कोरजा में पुलिस टीम ने ग्रामीणों से संवाद कर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने तथा किसी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग एवं निजी जानकारी साझा नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं आवश्यक दस्तावेज रखने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को शराब एवं नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में भी जानकारी दी। ग्रामीणों से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी इसके दुष्प्रभावों से बचाने का आह्वान किया गया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान को लेकर आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया।

एक नजर में

## त्यौहारी सीजन में दक्षिण भारत के लिए सीधी ट्रेन

**नवभारत, जबलपुर।** पूजा, दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों को बड़ी सुविधा देते हुए प्रयागराज-तिरुचानूर के बीच सुपरफास्ट त्योहार स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 04109/04110 दोनों दिशाओं में 9-9 फेरे लगाएगी और 3 अक्टूबर से 29 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, विजयवाड़ा और रेणिगुंटा होते हुए तिरुचानूर पहुंचेगी। प्रयागराज से ट्रेन शनिवार सुबह 5:20 बजे रवाना होकर रविवार शाम 4:10 बजे तिरुचानूर पहुंचेगी। वापसी में रविवार रात 11:55 बजे तिरुचानूर से चलकर मंगलवार सुबह 10:35 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। इससे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के यात्रियों को दक्षिण भारत के लिए बिना ट्रेन बदले सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। त्योहारी सीजन में इस ट्रेन से तिरुपति के भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर और तिरुचानूर के श्री पद्मावती अम्मावारी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को खास सुविधा मिलेगी।

## नागरिकों ने खरीदे प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पाद

**नवभारत, जबलपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से प्रत्येक रविवार को कृषि उपज मंडी, जबलपुर में आयोजित किए जा रहे साप्ताहिक जैविक हाट का आयोजन इस रविवार को भी किया गया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित जैविक हाट में जिले के जैविक खेती करने वाले किसानों ने अपने उत्पाद बिक्री के लिए रखे। रसायन मुक्त और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री खरीदने के लिए नागरिकों की भीड़ रही। इस रविवार को बरगी विधायक नीरज सिंह ने भी कृषि उपज मंडी पहुंचकर जैविक हाट का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा की और उनके उत्पादों की जानकारी ली। कृषि अधिकारियों ने भी किसानों और उपभोक्ताओं से संवाद कर प्राकृतिक खेती के महत्व और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। जैविक हाट में नींबू, परवल, केला, पपीता सहित विभिन्न प्रकार की जैविक सब्जियां एवं फल, अनाज, मक्का और दूध से बने उत्पाद उपलब्ध रहे। इसके अलावा मिलेट्स आटा, कुकीज, अचार और अन्य मूल्य संवर्धित उत्पाद भी बिक्री के लिए रखे गए।

# स्वच्छता में सहभाग और स्वच्छ भारत विकसित भारत की थीम पर शुरू हुआ अभियान



**नवभारत, परसवाड़ा।** केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 एवं सेवा पखवाड़े का शुभारंभ जनपद पंचायत परसवाड़ा की ग्राम पंचायत खुरमुंडी में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री समलसिंह धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। अभियान के दौरान स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां, कार्यक्रम, शपथ, संगोष्ठी, जागरूकता रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत खुरमुंडी के हाट बाजार में श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई की गई तथा पौधारोपण भी किया गया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन का आधार है। स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि गांव स्वच्छ रहेगा तो पंचायत, विकासखंड एवं जिला भी स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभाग और स्वच्छ भारत विकसित भारत' रखी गई है। लोगों से अपने घर, परिसर, मोहल्ले एवं गांव को स्वच्छ रखने के साथ अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की गई।

कार्यक्रम के अंत में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री समलसिंह धुर्वे द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# नागपुर में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में बालाघाट के कवि संजय अश्क सम्मानित



**नवभारत कटंगी।** राष्ट्रीय रक्षा उत्पादन अकादमी अंबाझरी, नागपुर के तत्वावधान में 19 सितंबर को उत्सव हॉल, नागपुर में हिंदी कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में बालाघाट जिले के युवा और विद्रोही कवि संजय अश्क को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम में अकादमी के महानिदेशक राजेन्द्र कुमार द्वारा बालाघाट जिले के कटंगी क्षेत्र की शान संजय अश्क को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विजिलेंस ऑफिसर रामवृक्ष गुप्ता द्वारा किया गया। बता दें कि भारत सरकार द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु 14 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है, इसी तारतम्य में यह कवि सम्मेलन आयोजित किया गया था। कवि सम्मेलन में संजय अश्क ने हिंदी के महत्व के साथ-साथ विभिन्न समसामयिक विषयों पर कविता पाठ किया।

# सोनेवानी में पर्यटकों को सुविधा देने सीसीएफ, डीएफओ से भेंट

जिप्सी संगठन व विधायक प्रतिनिधि ने की भेंट



**नवभारत, लालबर्रा।** बालाघाट जिले का चर्चित पर्यटक स्थल लालबर्रा सोनेवानी फॉरेस्ट रिजर्व कंजर्वेटर पर्यटकों के लिए आगामी माह से खुल जाएगा जहां पर पर्यटक बाघ, तेंदुवा, बायसनं, सांभर, चीतल, मोर सहित वन्य जीव का दीदार कर सकेंगे। सोनेवानी जंगल खुलने के पूर्व लालबर्रा सरपंच व विधायक प्रतिनिधि अनीस खान, जिप्सी चालक संगठन लालबर्रा अध्यक्ष राहुल शर्मा व पदाधिकारी ने बालाघाट मुख्य वन संरक्षक तथा वन मंडलाधिकारी दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट से भेंट कर ज्ञापन सौंपकर विस्तृत चर्चा की है जिसमें बताया गया कि पर्यटकों व जिप्सी संगठन हेतु सोनवानी, सिलेझरी, चिखलाबड्दी, नवेगांव में वॉशरूम शौचालय, रेस्ट स्थान, बनाया जाएगा, सड़कों की मरम्मत, घाट पोर्शन में सीमेंट सड़क, रपटा, पुलिया कार्य कराए जाएंगे, सड़कों के किनारे से लालटेन झाड़ी की सफाई सहित कार्य विभाग द्वारा किए जाएंगे जो कि एक अच्छी पहल साबित होगी इस कारण सोनवानी जंगल भ्रमण पर्यटको के लिए 15 अक्टूबर से खुलना संभावित माना जा रहा है।

# सांदीपनि विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता


'विकसित भारत' की परिकल्पना को विद्यार्थियों ने भाषण और चित्रों के माध्यम से किया प्रस्तुत



**नवभारत,खैरलांजी।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय, खैरलांजी में छात्र-छात्राओं के लिए भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 'विकसित भारत' विषय पर अपने विचारों को शब्दों और रंगों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने देश के विकास, शिक्षा, आधुनिक तकनीक, आत्मनिर्भरता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का परिचय देते हुए विकसित भारत की परिकल्पना को आकर्षक चित्रों के माध्यम से उकेरा।प्रतियोगिता के पश्चात भाषण एवं पेंटिंग वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया गया तथा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के भविष्य निर्माण में विद्यार्थियों और युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजन बच्चों में प्रतिभा, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

# इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय में शेर ट्रॉफी से एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ



**नवभारत, बालाघाट।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट में 10 वीं शं. से 20 वींशं. के ऐतिहासिक पुरातात्विक महत्वपूर्ण अवशेषों को संरक्षित कर सुसज्जित तो किया है, वहीं छुक-छुक करती नैरोगेज इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बा स्थापन के बाद धरोहर जंक ?शन नामांकित कर विश्व का प्रथम संग्रहालय बन गया। इसे स्थायित्व करने के उद्देश्य से श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक ने विधायक निधि से टीन शेड निर्माण करवाकर अनोखी पहल की। इसी श्रृंखला में इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट में विश्वकर्मा जयंती 17 सितम्बर 2026 को नया अध्याय प्रारंभ हुआ। जब श्री गणेश, हिन्दी दिवस तथा संस्थान का 43 वाँ स्थापना जो 14 सितम्बर से 27 सितम्बर विश्व पर्यटन दिवस पखवाड़ा के तहत अमूल्य धरोहर को दीपक शर्मा पुत्र ने, अपने पूज्यनीय पिताश्री स्व.देवदत्त शर्मा द्वारा संग्रहित की गई शेर ट्राफी को पुरातत्व संग्रहालय में संरक्षित, स्थायित्व हेतु श्रीयुत विजय वर्मा के समक्ष डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष को प्रदत्त किया। जिसे दिनांक 20 सितम्बर 26 नवमीं तिथि को पर्यटक हेतु सादगी पूर्वक प्रारंभ किया तो गया है, किन्तु अन्य कार्य पूर्णोपरांत विधिवत नवरात्रा पर्व पर लोकार्पित किया जायेगा।

# महर्षि विद्या मंदिर, महर्षि विश्व शांति आंदोलन का स्थापना दिवस मनाया गया



**नवभारत, बालाघाट।** समाज की सामूहिक चेतना में सकारात्मकता स्थापित करने के पावन उद्देश्य से महर्षि विश्व शांति आंदोलन कि इकाई महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान के बैनर तले आज महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट (मध्य प्रदेश) में महर्षि विश्व शांति आंदोलन दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम गुरु परंपरा पूजन किया गया तत्पश्चात सामूहिक रूप से प्राणायाम एवं भावातित ध्यान सिद्धि का अभ्यास संस्था के भावातित ध्यान शिक्षक मनोज ज्योतिषी एवं सुनीता तिवारी द्वारा कराया गया। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल ग्रुप समूह के अध्यक्ष वेद मार्तंड ब्रह्मचारी श्री गिरीश वर्मा जी का संदेश हमारे प्राचार्य महोदय द्वारा उनका संदेश पढ़कर सुनाया गया तत्पश्चात महर्षि विश्व शांति आंदोलन दूतो द्वारा बालिका गीत जोतवानी और बालक संजोग लिल्हारे के द्वारा महर्षि विश्व शांति आंदोलन के उसके महत्व के बारे में इन दोनों बालक बालिकाओं ने अपना उद्बोधन दिया। साथ ही प्राचार्य महोदय श्री सतीश चौरसिया द्वारा महर्षि विश्व शांति आंदोलन पर प्रकाश डाला। और संस्था की भावतित ध्यान सिद्धि शिक्षिका श्रीमती सुनीता तिवारी द्वारा सभी स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को विश्व शांति आंदोलन स्थापित करने हेतु शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर शाला नायक सुधांशु और योगी कटरे शाला नायिका द्वारा मंच संचालन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सामूहिक रूप महर्षि विश्व शांति आंदोलन कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में सकारात्मक चिंतन, नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक जागरूकता तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था और संस्कारों का संवर्धन करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने विश्व शांति, सामाजिक सदभाव, राष्ट्र की प्रगति तथा समस्त मानवता के कल्याण की कामना करते हुए सामूहिक प्रार्थना की।

कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था एवं सफल संचालन में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

खुशियां बांटी | हमारी संस्कृति गांवों में ही जीवित, इसे संरक्षित कर नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा काम : विवेक पटेल

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक पटेल



**नवभारत, वारासिवनी।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम लड़सड़ा में गणेश उत्सव समिति के सयुक्त तत्वाधान में संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया ।विभिन्न ग्रामों से पहुंची नृत्य मंडलियों ने पारंपरिक गीत,संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों में आदिवासी संस्कृति और लोक परंपराओं की मनोहारी झलक प्रस्तुत की ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल पहुंचे ।जहां समितियों के पदाधिकारियों ने उनका पुष्प मालाओं से स्वागत किया ।इस दौरान संतोष ठकरेले,अंकेश नगपुरे,सूर्या नगपुरे, अंकेश रनगिरी,पवन नगपुरे,पारस नगपुरे सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्रामवासी और लोक नृत्य कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृति और परम्पराओं को जीवित रखने में ऐसे आयोजन होना चाहिए ।हमारी संस्कृति गांवों में ही जीवित है ।इसे संरक्षित कर नई पीढ़ी तक पहुंचना हमारी जिम्मेदारी है ।इस मंहगाई के दौर में कार्यक्रम करवाना थोड़ा मुश्किल जरूर होता है ।मगर भगवान श्रीगणेश के आशीर्वाद और ग्रामीणों के एकजुट होने के चलते कोई भी कार्यक्रम में बाधा नहीं आती है ।बड़े ही धूमधाम से बड़े से बड़े कार्यक्रम सम्पन्न हो जाते हैं।